# Workshop on Case Study Method of Teaching conducted at ICFAI University – June 18, 2019

the pioneer

RANCHI I WEDNESDAY I JUNE 19, 2019

## WORKSHOP AT ICFAI UNIVERSITY



A Faculty Development Workshop on Case Study Method of Teaching was conducted at ICFAI University, Jharkhand by Dr Hari Haran, former General Manager of Management Training Institute ( MTI) of SAIL. Addressing the faculty members on the occasion, Prof O R S Rao, Vice-Chancellor of the University said , " Our University is keen to increase the use of Case Method of Teaching in all of our programs, as it helps in imparting concept application skills and decision making skills in the students. The objective of this workshop is to improve the skills of our faculty members to deploy the case method more effectively in the class rooms".

प्रभात खबर

रांची, बुधवार

19.06.2019

## इक्फाइ विवि में केस स्टडी मेथड ऑफ टीचिंग पर चर्चा



लाइफ रिपोर्टर @ रांची

इक्फाइ विवि में केस स्टडी मेथड पर फैकल्टी डेवलपमेंट वर्कशॉप का आयोजन किया गया. मौके पर विवि के कुलपति प्रो ओआरएस राव ने कहा कि विवि सभी कार्यक्रमों में केस मेथड ऑफ टीचिंग के उपयोग को बढ़ाने के लिए इच्छुक है, क्योंकि यह एप्लीकेशन कौशल और निर्णय प्रदान करने में छात्रों की मदद करता है.

कार्यशाला का उद्देश्य संकाय सदस्यों के कौशल को सुधारना है, ताकि क्लास रूम में केस विधि को अधिक प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया जा सके. सेल के प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थान (एमटीआइ) के पूर्व महाप्रबंधक डॉ हरिहरन ने प्रतिभागियों को केस पद्धति के कार्यान्वयन के लिए एक व्यवस्थित पद्धति का उपयोग करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला, ताकि छात्रों के सीखने में सुधार हो. इसमें उपयुक्त केस स्टडी का चयन, छात्रों की तैयारी, परिणामों पर चर्चा और प्रस्तुति की सुविधा आदि शामिल हैं.

इस वर्कशॉप में संकाय सदस्यों को छोटे समूहों में विभाजित किया गया था और केस के अध्ययन, चर्चा और प्रस्तुतियों पर निर्देशित किया गया. टीमों ने हाल के चुनाव अभियान के विभिन्न प्रबंधन पहलुओं पर भी चर्चा की.

बुधवार, 19 जून 2019

# हिन्दुस्तान

## प्रतिभागियों ने जानी शिक्षण विधि

**इक्फाई यूनिवर्सिटी**

रांची | प्रमुख संवाददाता

इक्फाई विश्वविद्यालय में मंगलवार को शिक्षण पद्धति पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें सेल के प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थान एमटीआई के पूर्व महाप्रबंधक डॉ हरिहरन ने प्रतिभागियों को शिक्षण के तहत केस स्टडी पर आधारित व्यवस्थित पद्धति विकसित करने के तरीके बताये, ताकि विद्यार्थियों के सीखने में सुधार हो।

इसमें उपयुक्त केस स्टडी का चयन, छात्रों की तैयारी, परिणामों की चर्चा और प्रस्तुति को बताया गया। प्रतिभागियों को छोटे-छोटे समूह में बांट दिया गया। इन समूहों से भाजपा के हालिया चुनाव अभियान के विभिन्न प्रबंधन पहलुओं पर चर्चा की गई।



इक्फाई विवि में मंगलवार को प्रतिभागियों को शिक्षण पद्धति समझाते विशेषज्ञ।

कुलपति प्रो ओआरएस राव ने कहा कि विश्वविद्यालय सभी कार्यक्रमों में केस मेथडिंग ऑफ टीचिंग के उपयोग को बढ़ाने का इच्छुक है। कार्यशाला का उद्देश्य संकाय सदस्यों के कौशल को सुधारना है, ताकि क्लास रूम शिक्षण को अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

# झारखंड

दैनिक भास्कर, रांची, बुधवार 19 जून, 2019

## इक्फाई विवि में केस स्टडी मेथड ऑफ टीचिंग पर वर्कशॉप

**रांची** | सेल के प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थान, एमटीआई के पूर्व महाप्रबंधक डॉ. हरिहरन द्वारा इक्फाई विश्वविद्यालय, झारखंड में केस स्टडी मेथडिंग पर एक फैकल्टी डेवलपमेंट वर्कशॉप आयोजित किया गया। डॉ. हरिहरन ने प्रतिभागियों को केस पद्धति के कार्यान्वयन के लिए एक व्यवस्थित सिस्टम का उपयोग करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला, जिससे छात्रों के सीखने में सुधार हो। इसमें सही केस स्टडी का चयन, छात्रों की तैयारी, चर्चा के परिणामों पर मशविरा और प्रस्तुति की सुविधा शामिल है। संकाय सदस्यों को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. ओआरएस राव ने कहा कि हमारा विश्वविद्यालय सभी कार्यक्रमों में केस मेथडिंग ऑफ टीचिंग के उपयोग को बढ़ाने का इच्छुक है। क्योंकि यह एप्लिकेशन कौशल और निर्णय प्रदान करने में छात्रों की मदद करता है। कार्यशाला का उद्देश्य हमारे संकाय सदस्यों का कौशल बढ़ाना है। वर्कशॉप में संकाय सदस्यों को कई समूहों में विभाजित कर केस के अध्ययन और प्रस्तुतियों पर दिशा-निर्देश दिए गए। टीमों ने भाजपा के हालिया चुनाव अभियान के विभिन्न प्रबंधन पहलुओं पर चर्चा की, जिसमें मतदाताओं का रणनीतिक विभाजन, मीडिया चयन, प्रमुख संदेशों की डिजाइन और वितरण आदि शामिल थे।

## इक्फाई विवि में केस स्टडी और मेथड ऑफ टीचिंग पर कार्यशाला

**खबर मंत्र संवाददाता**

**रांची।** सेल के प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थान (एमटीआई) के पूर्व महाप्रबंधक डॉ हरि हरन द्वारा इक्फाई विश्वविद्यालय में केस स्टडी मेथड पर एक फैकल्टी डेवलपमेंट वर्कशॉप आयोजित की गई। इस अवसर पर संकाय सदस्यों को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो ओआरएस राव ने कहा कि हमारा विश्वविद्यालय सभी कार्यक्रमों में केस मेथडिंगऑफ टीचिंग के उपयोग को बढ़ाने का इच्छुक है क्योंकि यह एप्लिकेशन कौशल और निर्णय प्रदान करने में छात्रों की मदद करता है। इस कार्यशाला का उद्देश्य संकाय



सदस्यों के कौशल को निखारना है ताकि कक्षाओं में केस विधि को अधिक प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया जा सके। प्रो राव ने कहा की हाल ही में हुए चुनाव से भी विद्यार्थी केस स्टडी के रूप में बहुत कुछ सीख सकते हैं। डॉ हरिहरन ने प्रतिभागियों को केस पद्धति के कार्यान्वयन के लिए एक व्यवस्थित पद्धति का उपयोग करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। इसमें उपयुक्त केस स्टडी का चयन, छात्रों की तैयारी, चर्चा के परिणामों पर विचार और प्रस्तुति की सुविधा शामिल है।

इस वर्कशॉप में संकाय सदस्यों को छोटे समूहों में विभाजित और केस के अध्ययन और प्रस्तुतियों पर निर्देशित किया गया था। इसके बाद, टीमों ने भाजपा के हालिया चुनाव अभियान के विभिन्न प्रबंधन पहलुओं पर चर्चा की जिसमें मतदाताओं का रणनीतिक विभाजन, लोगों के विभिन्न वर्गों की आवश्यकताओं को समझना, मीडिया चयन, प्रमुख संदेशों की डिजाइन और वितरण प्रक्रिया आदि प्रमुख हैं।

Wed, 19 June 2019
https://www.readwhere.com/read/c/40528264